आधुनिक भारत का इतिहास

राष्ट्रवाद

(खंड-3)

-मणिकांत सिंह

1. बंकिमचंद्र चटर्जी का प्रसिद्ध उपन्यास 'आनंदमठ' निम्नलिखित में से किस आंदोलन से संबंधित था?

(a) नील आंदोलन

(b) पबना आंदोलन

(c) सन्यासी विद्रोह

(d) उपर्युक्त में से कोई नही

2. 1857 के विद्रोह में विभिन्न ब्रिटिश अधिकारी तथा उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्र में विद्रोह को दबाए जाने वाली घटना के संबंध में कोड को सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए-

1. हैवलॉक - इलाहाबाद
2. ह्यूरोज - दिल्ली
3. कैंपबेल - लखनऊ

(a) केवल 2
(b) 1 और 2
(c) 1 और 3
(d) 1, 2, 3

3. निम्नलिखित में से कौन सा एक क्षेत्र 1857 ई० के विद्रोह से प्रभावित नहीं था –

(a) झांसी

(b) चित्तौड़

(c) जगदीशपुर

(d) लखनऊ

4. कथन (A) : 1857 के महाविद्रोह को सिपाही विद्रोह कहना उचित नहीं है।

कारण (R) : इस विद्रोह के पश्चात् भारत का प्रशासन ब्रिटिश क्राउन ने अपने हाथों में ले लिया।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।

(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।

(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।

5. कथन (A) : 1857 के महान सेनानियों ने मुगल बादशाह बहादुरशाह जफ़र को हिन्दुस्तान का शासक घोषित कर दिया।

कारण (R) : एक मुगल बादशाह को हिन्दुस्तान की एकता के प्रतीक के रूप में देखा जाना आसान था।

(a) A और R दोनों सत्य हैं और R, A का सही स्पष्टीकरण है।
(b) A और R दोनों सत्य हैं परंतु R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) A सत्य है लेकिन R असत्य है।
(d) A असत्य है लेकिन R सत्य है।